# कार्यालय अधिष्ठाता
## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र.)

टेलीफोन नं. 0761-2370951 **Website :-nscbmcjb@gmail.com**

E-Mail Id- nscbmcjb@gmail.com


क्र....8851...../स्था/अराज./2018 जबलपुर,दिनांक 15../11/2018

## विज्ञप्ति सूचना

1. भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक 437/6/म.प्र.-वि0स0/2018(एम0सी0सी0 सन्दर्भ) दिनांक 06/11/2018 एव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के पत्र क्रमांक /पीए/अपर मुनिप(जे) /2018/16668, भोपाल दिनांक 06/11/2018 के तहत सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में पदों स्वीकृत पदों को भरने की प्राप्त स्वीकृति के तहत मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के क्रमांक 688/स्था.अराज/2018, भोपाल, दिनांक 09/08/2018 एंव कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा, भोपाल के आदेश क्रमांक 104/एम.सी.आई.कक्ष/आशिचि/2018 भोपाल, दिनांक 24 सितम्बर 2018 द्वारा "मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सकीय, परिचारिका , सह चिकित्सकीय संवर्ग तथा गैर शैक्षणिक संवर्ग् के लिये आदर्श सेवा भर्ती नियम 2018" के बिंदु क्रमांक 03 (ग) के अनुसार शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र) हेतु कायार्लय अधिष्ठाता जबलपुर म.प्र. में दिनांक 07/12/2018 सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं। उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र) की वेबासाईट www.nscbmc.ac.in एवं संचालक चिकित्सा शिक्षा की वेबसाईट www.medicaleducation.mp.gov.in पर उपलब्ध है। श्रेणीवार पदों का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | पदनाम | कुल पद | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | UR | SC | ST | OBC |
| 1 | वित्तीय अधिकारी/ए.ओ. | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| 2 | नर्सिग अधीक्षक | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| 3 | नर्सिग सिस्टर | 09 | 05 | 01 | 02 | 01 |
| 4 | स्टाफ नर्स | 150 | 75(4PH) | 24(2PH) | 30(2PH) | 21(1PH) |
| 5 | चिकित्सा अभिलेख अधिकारी | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| 6 | लैब टेक्नीशियन | 03 | 02 | 00 | 01 | 00 |
| 7 | कैथ लैब टेक्नीशियन | 04 | 02 | 01 | 01 | 00 |
| 8 | ओ.टी.टेक्नीशियन | 07 | 4(1F) | 01 | 01 | 01 |
| 9 | एनेस्थिसिया टेक्नीशियन | 02 | 01 | 00 | 01 | 00 |
| 10 | कार्डियो थोरेसिक टेक्नीशियन | 02 | 01 | 00 | 01 | 00 |
| 11 | ई.सी.जी.टेक्नीशियन | 02 | 01 | 00 | 01 | 00 |
| 12 | डायलेसिस टेक्नीशियन | 10 | 5(1F) | 02 | 02 | 01 |
| 13 | रेडियोग्राफर | 03 | 02 | 00 | 01 | 00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | एक्स-रे टेक्नीशियन | 05 | 3(1F) | 01 | 01 | 00 |
| 15 | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 09 | 5(1F) | 01 | 02 | 01 |
| 16 | स्टेनोग्राफर | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| 17 | लाईब्रेरियन | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| 18 | असिस्टेंट लाईब्रेरियन | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| 19 | सहायक ग्रेड-2 | 09 | 5(1F) | 01 | 02 | 01 |
| 20 | सहायक ग्रेड-3 | 09 | 5(1F) | 01 | 02 | 01 |

नोटः- 1. सरल क्रमांक 2 से 4 तक के समस्त पद महिला उम्मीदवार के लिये आरक्षित हैं।

1. सरल क्रमांक 1 से 14 तक के समस्त पदों में मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा।
   उपरोक्त चिन्हित पदों में SC- अनूसूचित जाति, ST- अनुसूचति जनजाति, OBC- अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवार एवं PH से Physical Handicapped/ दिव्यांग पद आरक्षित है।
2. नर्सिग संवर्ग में एम.एस.सी./बी.एस.सी. उत्तीर्ण उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जायेगी।
3. पद संख्या से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर नर्सिग संवर्ग/पैरामेडिकल संवर्ग में शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविधालयों/शासकीय संस्थाओं से प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जायेगी।

2. आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/ स्पीट पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय अधिष्ठाता, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र) की आवक-जावक शाखा में जमा कराए जा सकते हैं।
3. आवेदन पत्र के साथ अनारक्षित वर्ग के उम्मीवार राशि रू. 500 मात्र (पांच सौ रूपए) का डिमांड ड्राफ्ट जो कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र) के नाम से देय हो संलग्न करना होगा तथा आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार से कोई डिमांड ड्राफ्ट नहीं लिया जाएगा। अतः यात्रा भत्ता की पात्रता नहीं होगी। डिमांड ड्राफ्ट के पिछले हिस्से पर उम्मीदवार अपना नाम, आवेदित पद का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर जरूर अंकित करें।
4. आवेदन पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से कार्यालय अधिष्ठाता, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र) चिकित्सकीय, परिचारिका , सह चिकित्सकीय संवर्ग तथा गैर शैक्षणिक संवर्ग् हेतु आवेदन एवं आवेदित पद का नाम..................... और आरक्षित/अनारक्षित श्रेणी का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी/ अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज
जबलपुर (म.प्र)

15.11.18

1. पदनाम, पदों की संख्या, वेतनमान, न्यूनतम आयु, शैक्षणिक योग्यता, सेवानिवृत्ति की अधिवार्षिकी आयु संबंधी विवरण-

| स.क्र. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतन बैन्ड + ग्रेड-पे | न्यूनतम आयु सीमा | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वित्तीय अधिकारी/ए.ओ. | 01 | 15600-39100+5400 | 25 वर्ष | वित्त विभाग से प्रतिनियुक्ति द्वारा |
| 2 | नर्सिंग अधीक्षक | 01 | 15600-39100+5400 | 18 वर्ष | मेट्रन के पद पर 5 वर्ष का कार्यानुभव। |
| 3 | नर्सिंग सिस्टर | 09 | 9300-34800+3600 | 18 वर्ष | 1.एम.एस.सी. (नर्सिंग ) अथवा 2.बी.एस.सी. (नर्सिंग ) अथवा 3.पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग ) अथवा 4.नर्सिंग प्रशासन में प्रमाण-पत्रोतर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण साथ ही (क) स्टाफ परिचारिका या समकक्ष पद पर 5 वर्ष की सेवा का अनुभव । (ख) महाकौशल नर्सिंग कौंसिल में पंजीकृत परिचारिका अथवा पंजीकृत प्रसाविका । |
| 4 | स्टाफ नर्स | 150 | 5200-20200+2800 | 18 वर्ष | 1. अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के साथ (10+2) शिक्षा पद्धति से 12वीं अवश्य उत्तीर्ण होना चाहिए. 2. बी.एस.सी. (नर्सिंग) अथवा जनरल नर्सिंग एवं ज्येष्ठ प्रसूति विज्ञान प्रशिक्षित। 3. मध्यप्रदेश नर्सिंग कौंसिल में पंजीकृत परिचारिका। |
| 5 | चिकित्सा अभिलेख अधिकारी | 01 | 15600-39100+5400 | 18 वर्ष | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक एवं किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय/ चिकित्सालय/संस्था में चिकित्सा अभिलेख/ तकनीकी मे एक वर्ष का प्रशिक्षण उत्तीर्ण होना अनिवार्य । |
| 6 | लैब टेक्नीशियन | 03 | 5200-20200+2800 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2. मान्यता प्राप्त संस्था से पेथोलॉजी टेक्नीशियन का डिप्लोमा (डी.एम.एल.टी)/क्लीनिकल बायोकेमेस्ट्री का डिप्लोमा।/माइक्रोबायोलाजी का डिप्लोमा।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।<br>4. 500 बिस्तरीय या उससे अधिक के चिकित्सालय में कार्य के अनुभव को प्राथमिकता। |
| 7 | कैथ लैब टेक्नीशियन | 04 | 5200-20200 +2800 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था से कार्डियो थोरेसिक टेक्नीशियन का प्रमाण-पत्र।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। |
| 8 | ओ.टी.टेक्नीशियन | 07 | 5200-20200 +2400 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था से ऑपरेशन थियेटर का प्रमाण-पत्र।<br>3. 500 बिस्तरीय या उससे अधिक के चिकित्सालय में 01 वर्ष के कार्य के अनुभव को प्राथमिकता।<br>4. मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। |
| 9 | एनेस्थिसिया टेक्नीशियन | 02 | 5200-20200 +2400 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था से एनेस्थेसिया टेक्नीशियन का प्रमाण-पत्र/डिप्लोमा।<br>3. 500 बिस्तरीय या उससे अधिक के चिकित्सालय में 01 वर्ष के कार्य के अनुभव को प्राथमिकता।<br>4. मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। |
| 10 | कार्डियो थोरेसिक टेक्नीशियन | 02 | 5200-20200 +2400 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था से कार्डियो थोरेसिक टेक्नीशियन का प्रमाण-पत्र।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। |
| 11 | ई.सी.जी.टेक्नीशियन | 02 | 5200-20200 +2800 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय में प्रमाण-पत्र।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।<br>4. 500 बिस्तरीय या उससे अधिक के चिकित्सालय में कार्य के अनुभव को प्राथमिकता। |
| 12 | डायलेसिस टेक्नीशियन | 10 | 5200-20200+ 2400 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था से डायलिसिस टेक्नीशियन का डिप्लोमा।<br>3ण् 500 बिस्तरीय या उससे अधिक के चिकित्सालय में 01 वर्ष के कार्य के अनुभव को प्राथमिकता।<br>4. मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। |
| 13 | रेडियोग्राफर | 03 | 5200-20200+ 2800 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय में डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।<br>4. 500 बिस्तरीय या उससे अधिक के चिकित्सालय में कार्य के अनुभव को प्राथमिकता। |
| 14 | एक्स-रे टेक्नीशियन | 05 | 5200-20200 +2800 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था से रेडियाग्राफर का डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र (डिग्रीधारी को प्राथमिकता)<br>3. म.प्र. सह चिकित्सीय परिषद्‌ का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। |
| 15 | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 09 | 5200-20200+ 2400 | 18 वर्ष | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण<br>2. भेषज (फार्मासिस्ट) का डिप्लोमा।<br>3. म.प्र. फार्मेसी काउंसिल से भेषजज्ञ (फार्मासिस्ट) का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। |
| 16 | स्टेनोग्राफर | 01 | 5200-20200 +2800 | 18 वर्ष | 1. अभ्यर्थी ने हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण की हो तथा उनके पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पत्रोपाधि/प्रमाण-पत्र हो।<br>2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था अथवा परिषद् से अंग्रेजी अथवा हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा 100 शब्द प्रति मिनिट की गति से उत्तीर्ण किये जाने का प्रमाण पत्र।<br>3. सी.पी.सी.टी. परीक्षा आवश्यकतानुसार हिन्दी अथवा अंग्रेजी अथवा दोनो में उत्तीर्ण होना अनिवार्य। |
| 17 | लाईब्रेरियन | 01 | 5200-20200 +2800 | 18 वर्ष | 1.मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से लायब्रेरी साइंस में स्नातक अथवा 02 वर्ष का डिप्लोमा।<br>2. डिप्टी लायब्रेरियन के पद पर 05 वर्ष का कार्यानुभव। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | असिस्टेंट लाईब्रेरियन | 01 | 5200-20200 +2100 | 18 वर्ष | मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से लायब्रेरी साइंस में स्नातक अथवा 02 वर्ष का डिप्लोमा। |
| 19 | सहायक ग्रेड-2 | 09 | 5200-20200+ 2400 | 18 वर्ष | सहायक वर्ग-3, जो स्टेनो टायपिस्ट, स्टेनोग्राफर के लिये निर्धारित अर्हता (शीघ्रलेखन 100 शब्द प्रति मिनिट की गति से) पूर्ण नही करते है, उन्हे भी सहायक वर्ग-2 के पद पर पदोन्नत किया जावे। |
| 20 | सहायक ग्रेड-3 | 09 | 5200-20200+ 1900 | 18 वर्ष | अभ्यर्थी ने हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण की हो तथा उनके पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पत्रोपाधि/प्रमाण-पत्र हो एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाण पत्र (सी.पी.सी.टी.) परीक्षा हिन्दी टंकण के साथ उत्तीर्ण। |

1. कॉलम 06 में उल्लेखित अहर्ताओं में भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद या मध्यप्रदेश परिषद, भारतीय नर्सिंग परिषद या मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद द्वारा परिवर्तन किए जाने पर तदानुसार परिवर्तित अहर्ताएं स्वयं ही लागू होंगी।
2. कार्यकारिणी समिति समय-समय पर संकल्प पारित कर पद विशेष के लिए अतिरिक्ति अथवा अन्य अन्यथा दोनों अहर्ताएं निर्धारित कर सकेगी।
3. पदों की संख्या अधिक/कम की जा सकती है।
4. अधिकतक आयु म.प्र. शासन के नियमानुसार होगी। आरक्षित वर्ग के आवेदकों को आयु सीमा में छूट म.प्र. शासन के नियमानुसार होगी। समस्त पदों के लिए न्यूनतम आयु-सीमा 18 वर्ष् तथा अधिकतम आयु-सीमा 40 वर्ष हागी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडे वर्गो, विभागों/निगमों/मण्डलों/आयोगों/स्वायत्तशासी निकायों/होमगार्ड में कार्यरत शासकीय सेवाकों तथा महिला अभ्यार्थियों के लिए आयु सीमा 45 वर्ष होगी। अधिकतम आयु सीमा के सम्बन्ध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी संशोधन लागू समझे जाएगें।
5. मध्यप्रदेश के भूतपूर्व सैनिकों को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (तृतीय श्रेणी एंव चतुर्थ श्रेणी की रिक्तियों में आरक्षण) नियम 1985 के अनुसार तृतीय श्रेणी के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्राप्त होगा।
6. म.प्र. के मूल निवासी को चयन में प्राथमिकता होगी।
7. आयु की गणना विज्ञापन जारी होने वाली तिथि के पश्चात आने वाली 1 जनवरी के दिनांक को आधार मानकर गणना में ली जावेगी।
8. पदों पर आरक्षण राज्य शासन के द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा।
9. जाति प्रमाण-पत्र आरक्षक का लाभ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जावेगा।

10. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में सेवारत व्यक्ति जो सीधी भर्ती के पद के लिए अहर्ताधारी हो सीधी भर्ती के पद के विरूद्ध आवेदन देने के लिए स्वतंत्र होगा और ऐसे आवेदन के लिए उसे नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं देना होगा।

<u>निरर्हनाएं</u>:-

- विकृत चित्र वाला होने पर।
- दुश्चरित्र होने पर।
- शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो।
- नियुक्ति के लिए प्रयास/अनुशंसा - किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास/ अनुशंसा उसके लिए अनर्हकारी माना जाएगा।
- विवाह संबंधी जिस उम्मीदवार से न्यूनतम निर्धारित आयु ( पुरूष वर्ग के लिए 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिए 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जाएगा। कोई भी ऐसी महिला/पुरूष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष/ महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नी/पति हो, ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिए पात्र होंगे।
- कूट रचित/ फर्जी दस्तावेज एंव चयन के स्तर पर जानकारी छिपाए जान/ अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर।
- कदाचरण संबंधी - किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा यदि उसके शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिए परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।
- ऐसा उम्मदवारी जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।
- स्वास्थ्य संबंधी- चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक जिसका पद सिविल सर्जन से कम न हो, के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ्य पाया जाए तथा वह ऐसा प्रमाण पत्र जारी करें।

11. उपरोक्त सूची में उल्लेखित पद पर चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति प्रथमतः दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर की जाएगी।
12. उक्त नियुक्तियां म.प्र. स्वशासरी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018 के अधीन होंगी।

**<u>आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि</u>** :- अधिष्ठाता, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र) हेतु आवेदन पत्र दिनांक 14/12/2018 सायं 05:30 बजे तक कार्यालय अधिष्ठाता, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र) में प्राप्त हो जाना चाहिए। आवेदन-पत्र रजिस्टर्ड डाक/ स्पीट पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जमा कराए जा सकते हैं। आवेदन-पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से कार्यालय अधिष्ठाता, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र) में चिकित्सकीय, परिचारिका , सह चिकित्सकीय संवर्ग तथा

गैर शैक्षणिक संवर्ग हेतु आवेदन एवं विषय.................. तथा आवेदित पद का नाम................ और आरक्षित/अनारक्षित ......................श्रेणी का उललेख अनिवार्य रूप से करें। किसी भी स्थित में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

13. चयन प्रक्रिया हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
14. उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एंव आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर (म.प्र), की वेबसाईट www.nscbmc.ac.in पर उपलब्ध है।
15. मेरिट अभ्यार्थियों की सूची दिनांक 20/12/2018 से 31/12/2018 के मध्य संस्था के वेबसाईट www.nscbmc.ac.in में प्रकाशित की जायेगी। आवेदन संस्था के वेबसाईट लगातार चैक करता रहें। जिन्हे मेरिट के संबंध में आपत्ति हो, वे अभ्यार्थी मेरिट सूची जारी होने के एक सप्ताह के अंदर संबंधित अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है। चयनित अभ्यार्थि की सूची जनवरी की प्रथम सप्ताह में जारी कर दी जावेगी।

**महत्वपूर्ण टीप:-** यह सुनिश्चित करे की जिम्मदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अहर्ताएं और शर्तों को पूरा करते हैं। अत: आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अहर्ता की जांच स्वयं कर लें और अहर्ता की समस्त शर्तें पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरें चयन के किसी भी स्तर पर आवेदन के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी। आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जांच न हो जिसके कारण आवेदन की यिुकित प्रभावित होती हो, इस आशय से संबंधित घोषणा पत्र जो कि आवेदन के प्रारूप में दिया गया है। यह शर्त भी उसमें समाहित रहेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी/ अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज
जबलपुर (म.प्र)

सुपरस्पेसिलिटी हॉस्पिटल जबलपुर आवेदन का प्रारूप

------ ----------- के पद की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र (अंतिम तिथि 07 **/12 / 2018**

Photo

1- आवेदक का नाम------------------------------------------------------------------

2- पुरुष / महिला------------------------------------------------------------------

3- पिता / पति का नाम---------------------------------------------------------------

4- वर्तमान निवास स्थान का पता (पिन कोड सहित ) -----------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------

शहर का नाम------------------------------------ फ़ोन नंबर ------------------------------------------

मोबाइल नंबर--------------------------------ईमेल:------------------------------------------------------

5- आधार कार्ड नंबर (यदि हो तो )-------------------------------------------------------------------------

6- जन्म तिथि (हाई स्कूल परीक्षा की अंक सूची संलग्न करे )--------------------------------------

7- दिनांक 01 /01/ 2019 को आवेदक की आयु -------/ दिन -----------माह ---------वर्ष--------

8- आवेदक की वैवाहिक स्थिति ----- विवाहित / अविवाहित

9- विवाह का दिनांक---------------------------

10- वर्ग --- अनारक्षित / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग / विकलांग -- आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करे

11- कॉउन्सिल का पंजीयन क्रमांक एवं नाम तथा दिनांक-----------------------------------------

12- शैक्षणिक योग्यताएं—(सभी बोर्ड [10वीं एवं 12वीं] यूनिवर्सिटी के प्रमाण पत्र एंव अंक सूची की सत्यापित छायाप्रति सलग्न करें)

| क्रमांक | परीछा का नाम | संस्था / बोर्ड / विश्विद्यालय | वर्ष | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

13-पात्रता के बाद अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यताएं---------------------------------------

14-रिसर्च पब्लिकेशन: ----------------------------------------------------------------------

15-पात्रता के बाद अनुभव -----------------------------------------------------------------

16-संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची----------------

स्थान------------------------ आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

दिनांक----------------

## // घोषणा **पत्र** //

1- मैं प्रमाणित करता / करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने कि दशा में मेरा आवेदन पत्र / नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

2- मैं प्रमाणित करता / करती हूँ कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध में किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरुद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालयमें विचाराधीन है।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर